जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 133
दिनांक 23.08.2023

डॉ. ए.के. राय जनेकृविवि के मुख्य कार्यपालन यंत्री नियुक्त

जबलपुर 23 अगस्त, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. ए.के. राय, प्राध्यापक को मुख्य कार्यपालन यंत्री का कार्यभार सौंपा गया है। दरअसल डॉ. ए.के. राय, प्राध्यपक पूर्व में भी विश्वविद्यालय के निर्माण विभाग में विद्युत प्रभारी रहे हैं। आपके कार्यकाल में अतिविशेष 33 के.व्ही सब–स्टेशन की स्थापना की गई। आपके नेतृत्व में 700 के.व्ही. का सोलर पॉवर प्लांट भी लगाया गया है, जिससे विश्वविद्यालय को काफी रियायती दर पर (2 रूपये प्रति यूनिट) बिजली भी मिल रही है। डॉ. ए.के. राय ने टीचिंग रिसर्च एवं एक्सटेंशन में उल्लेखनीय कार्य किया है। आपके नाम पर विश्वविद्यालय का पहला पेटेंट है। डॉ. राय राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के सीओ–पीआई भी हैं। आपने मुख्य कार्यपालन यंत्री का प्रभार ग्रहण कर लिया है।

डॉ. ए.के. राय, प्राध्यापक के मुख्य कार्यपालन यंत्री बनने पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव,संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ.दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, कुलसचिव श्री रेवा सिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री डी.आर.महोबिया, उपलेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं विश्वविद्यालय के प्रध्यापक, वैज्ञानिकों के साथ ही विश्वविद्यालय के अधिकारी समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।